राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 /2253/ 2023 दिनांकः 28अगस्त, 2023

विज्ञप्ति

सत्र 2021–22 प्रथम वर्ष बी0एड0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 के छात्र–छात्राओं को परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 05.12.2022 में निर्णय लिया गया था कि " बी0एड0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 पाठ्यक्रमों के अध्यादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार जो छात्र–छात्राएँ बैंक परीक्षा हेतु अर्ह है, उन्हे द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत कर दिया जाए तथा ऐसे छात्र द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त भी तब तक तृतीय वर्ष में प्रवेश नहीं पा सकेगे, जब तक वे प्रथम वर्ष की बैक पेपर में उत्तीर्ण नहीं हो जाते।"

परीक्षा समिति के उक्त निर्णय के क्रम में सत्र 2021–22 प्रथम वर्ष के बी0एड0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 के कतिपय प्रोन्नत छात्र द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण है, परन्तु प्रथम वर्ष में बैक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है। इस सम्बन्ध में परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 17.05.2023 में निर्णय लिया गया है कि "सत्र 2021–22 के प्रथम वर्ष बी0एड0, एलएल0बी0, बी0ए0एलएल0बी0 के एक्स/बैक के परीक्षा परिणाम में असफल ऐसे विद्यार्थी, जो द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत हो चुके है, परन्तु प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण हैं, उनके सम्बन्ध में व्यापक विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि आगामी सत्रों में प्रथम वर्ष बी0एड0, एलएल0बी0, बी0ए0एलएल0बी0 की परीक्षा न होने के कारण ऐसे छात्रों को प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने का अन्तिम अवसर देते हुये छात्र हित में विशेष परीक्षा आयोजित करायी जाये। इस अवसर के साथ यह भी लिखा जाये कि यदि इस विशेष परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाते है तो द्वितीय वर्ष की परीक्षा भी शून्य घोषित कर दी जायेगी।"

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 17.05.2023 के निर्णय के अनुपालन में सत्र 2021–22 प्रथम वर्ष बी0एड0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 के छात्र–छात्राओं की विशेष परीक्षा माह नवम्बर, 2023 में सत्र 2023–24 के विषम सेमेस्टर परीक्षा के साथ आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त पाठ्यक्रमों के बैक/इम्प्रूवमेंट परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु बी0एड0 एवं बी0ए0एलएल0बी0 पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी अधिकतम दो प्रश्न–पत्रों तथा एलएल0बी0 पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी अधिकतम तीन प्रश्न–पत्रों में परीक्षा दे सकते हैं। उक्त परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं के द्वितीय वर्ष की परीक्षा शून्य घोषित कर दी जायेगी। उक्त परीक्षा बहुविकल्पीय प्रणाली पर सम्पन्न कराई जायेगी। उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से परीक्षार्थियों द्वारा दिनांक 29.08.2023 से 14.09.2023 तक भरे जायेगे।

28/8/23

(डा0 महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं महाविद्यालय लॉगइन पर अपलोड किये जाने हेतु।
04. स्थानीय सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशन किये जाने हेतु।
05. गार्ड फाइल।

28.08.23

सहा0 कुलसचिव